Crime on Sher Shah Suri Marg

874. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the recent growth of crime on Sher Shah Suri Marg, where the number of cases of hijacking of buses, shooting of passengers, hijacking of trucks has shown a marked increase;

(b) whether Government propose to constitute a task force and seek cooperation of State Governments to make driving on this road safe; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) The registration, investigation detection and prevention of crime including crme on the National Highways is the responsibility of the State Governments/Union Territory Administrations. The central agencies do not compile figures of crime on Sher Shah Suri Marg separately.

(b) and (c) No such proposal is under consideration.

सवाई माधोपुर में एस०टी०डी० सुविधा

875. डा० अबरार अहमद खान : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सवाई माधोपुर को एस० टी०डी० सेवा से जोड़ दिया गया है, यदि हां, तो कब और क्या दिल्ली और सवाई माधोपुर के बीच एस०टी० डी० सेवा उपलब्ध है, यदि हां, तो क्या वह दिल्ली और सवाई माधोपुर के बीच एस०टी०डी० सेवा की स्वयं जांच करेंगे अथवा क्या यह सेवा केवल कागजों पर ही उपलब्ध है ;

(ख) राजस्थान के कितने जिला मुख्यालयों अथवा मुख्य शहरों को एस० टी०डी० सेवा से जोड़े जाने की संभावना है और ये कब तक जोड़े दिये जायेंगे ; और

(ग) क्या यह सच है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक सभी राज्यों के जिला मुख्यालयों को एस०टी० डी० सेवा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था यदि हां, तो वे कौन-कौन से व्यक्ति हैं जो इस लक्ष्य को हासिल न करने देने के लिये जिम्मेदार हैं और इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजहरुद्दीन मिया) : (क) जी, हां । सवाई माधोपुर को 31 मार्च, 90 को एक्सेस कोड 07462 के साथ एस०टी०डी० सेवा से जोड़ दिया गया है । इस बात की जांच की गई है कि यह सेवा वास्तव में दिल्ली और सवाई माधोपुर के बीच भी उपलब्ध है ।

(ख) राजस्थान के सभी 27 जिला मुख्यालयों और एक मुख्य नगर को 31-3-90 की स्थिति के अनुसार एस०टी०डी० सेवा प्रदान की जा चुकी थी ।

(ग) सभी जिला मुख्यालयों को राज्य की राजधानी के साथ एस०टी०डी० के साथ जोड़ना सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि का एक लक्ष्य था । यह कार्य मार्च, 90 तक निम्नलिखित कारणों से लगभग 70 जिला मुख्यालयों के मामले में पूरा नहीं किया जा सका ।

(i) इनसेट-1डी उपग्रह छोड़ने में विलंब ।

(ii) संचारण प्रणालियों के इक्विपमेंट और रिपीटरों को स्थापित करने के लिये जंगल की भूमि के अधिग्रहण में विलंब ।